हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

11 हेल्थ प्रीमियर लीग शुरू, पहले मैच में फतेहाबाद ने...

12 सीएससी संचालक मर्डर केस पुलिस ने 24 घंटे में...


## रामनवमी के अवसर पर जिलेभर में हवन यज्ञ व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

# विश्व हिन्दू परिषद ने वेस्टर्न सिटी में कुंडीय महायज्ञ किया आयोजित
## 108 यजमानों ने किए मंत्रोच्चारण, वातावरण में फैली हवन यज्ञ की महक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रामनवमी के अवसर पर आज जिलाभर में हवन यज्ञ व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्तों ने आज 9 दिन से रखे व्रत का समापन किया और कंजक पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। श्री दुर्गा मंदिर में 11 कुण्डीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उधर, राम नवमी और हिंदू नववर्ष पर विश्व हिंदू परिषद ने 31 कुण्डीय श्रीराम कृपा वृष्टि महायज्ञ कराया। आयोजन सेक्टर-11 ए की वेस्टर्न सिटी में हुआ। यज्ञ में शहर के 108 युगल दंपती यजमान बने। 40 से ज्यादा विद्वान ब्राह्मणों ने हवन कराया। इसके बाद भगवान श्रीराम की महाआरती हुई। अंत में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री सुशील शास्त्री ने कहा कि फतेहाबाद में पहली बार ऐसा हवन यज्ञ हुआ। इससे नई पीढ़ी को सनातन धर्म की जानकारी मिलेगी। विश्व हिंदू परिषद फतेहाबाद के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप टांटिया ने बताया कि शहरवासियों ने उत्साह से भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य हैं। रामनवमी पर मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं को ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए।



फतेहाबाद। 31 कुण्डीय महायज्ञ में भाग लेते भक्तजन व रघुनाथ मंदिर में श्री रामायण जी की पूजा करते भक्तजन।

### बच्चों को सनातन धर्म के विषय में बताएं : गोयल

नगर संघ संचालक राहुल गोयल ने लोगों से अपील की कि बच्चों को सनातन धर्म के विषय बताएं। धार्मिक संस्कार दें। मंदिर लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को महान सनातन धर्म, भगवान श्रीराम के जीवन व उनसे जुड़ी बातें बताएं। उनके बताए मार्ग का अनुशरण करें, जैसे उन्होंने माता-पिता की आज्ञा मानी, भाइयों से प्रेम किया, वैसा ही आचरण अपनाएं। बच्चों को समय दें। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला संघ संचालक विजय, जिला कार्यवाहक विकास कुमार, प्रांत सहमंत्री सुशील शास्त्री, बाल संस्कार प्रांत प्रमुख मातृशक्ति मीनाक्षी, नगर कार्यवाह रविंद्र आहूजा आदि रहे।

### श्रीरघुनाथ मंदिर में श्रीरामायण के पाठ का डाला भोग, भक्तों ने की आतिशबाजी

*फतेहाबाद। शिव चौक स्थित श्री रघुनाथ मंदिर में श्रीरामनवमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पुजारी राकेश शर्मा ने श्रीरमयण जी के पाठ का भोग डाला तथा प्रधान टेकचंद मिढ़ा व सभा सदस्यों ने श्रीरामायण जी की पूजा की। भक्तों द्वारा आतिशबाजी की गई। इस दौरान भजन गायक मुकेश राही, उमंग सरदाना, रजनी देवी व दास अमित मुंजाल ने बधाईगान व भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन राजकुमार मदान ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप नारंग, बंटी निझारा, जितेन्द्र सरदाना, मोनू बजाज, भरत बजाज, ललित, नरेश निझारा, तरुण सरदाना, शरद नागपाल, जलेश ठक्कर, रजत टुटेजा, केशव आनंद सहित युवा साथियों में भरपूर सहयोग दिया। इस से पूर्व रात्रि को मंदिर में श्री दुर्गाष्टमी के उपलक्ष्य में माता का जागरण किया गया। इस मौके पर मंदिर सभा के सदस्य ओम प्रकाश सरदाना, चंद्रभान नागपाल, दिवान चंद नागपाल, सुनील आहूजा, नरेंद्र चानना, मोहन लाल नारंग, लेखराज रेलहन, भीमसेन नारंग, हंसराज, पवन नारंग, मदन लाल नारंग, बहन आत्मदेवी, उमा बहनजी, इंद्रा बहनजी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### सोलर पंप कंट्रोलर चोरी की गुत्थी सुलझी

**डबवाली।** पुलिस ने ऑप्रेशन आक्रमण के तहत कार्यवाही करते हुए चोरी के मामले में आरोपी को काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा 1 सोलर पंप कंट्रोलर बरामद किया है। आरोपी की पहचान अशोक कुमार उर्फ अजय पुत्र ओमप्रकाश निवासी केहरवाला के रूप में हुई है। सिंहपुरा चौकी पुलिस प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि बलजिंद्र सिंह पुत्र साधु सिंह निवासी पक्का शहीदां की शिकायत पर की उसके खेत से ट्यूबवेल का स्टाटर एमसी बॉक्स चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था।

### हत्या के प्रयास के मामले 8वां आरोपी गिरफ्तार

**ओढां।** पुलिस ने हत्या का प्रयास मामले में वांछित आरोपी संदीप कुमार उर्फ सीप्पा निवासी गदराना को काबू कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई कार व एक लोहे की रॉड बरामद की है। ओढां थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि कर्मबीर उर्फ करनी पुत्र जसअली निवासी गदराना के बयान पर आरोपियों द्वारा जब वह सिरसा अदालत में पेशी से फारिग होकर अपने दोस्तों के साथ कार से वासिप घर पर आ रहा था। ओढां के नजदीक आरोपियों द्वारा उनकी कार के सामने से अपनी कार से टक्कर मारी व उस पर तथा उसके दोस्त पर जानलेवा हमला करने पर मामला दर्ज किया गया था।

### चूहड़पुर के शराब ठेके से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने जाखल के गांव चूहड़पुर में शराब के ठेके से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे सेल्जमेन ने जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी जिला हनुमानगढ़ निवासी राजू बतरा ने कहा है कि वह गांव चूहड़पुर में सरना एंड कम्पनी की शराब की दुकान पर बतौर सेल्जमैन का काम करता है। गत दिवस वह दुकान का गेट बंद करके बाथरूम करने चला गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो देखा कि दुकान का गेट खुला हुआ था।

## सरकार ने फतेहाबाद मंडी में गेहूं प्रोक्योरमेंट का जिम्मा हैफेड और हरियाणा वेयर हाऊस को सौंपा

# डीएफएससी के खरीद न करने से व्यापारी नाराज बोले- न हम गेहूं खरीदेंगे और न ही खरीदने देंगे

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

*फतेहाबाद की मण्डी में 4 में से 2 एजेंसियां ही गेहूं की सरकारी खरीद करेंगी। व्यापार मंडल का कहना है कि गेहूं के पीक सीजन में तेजी से गेहूं की आवक होती है कि अगर समय पर खरीद न की तो मण्डियों में जाम लग जाएगा*

फतेहाबाद की अनाज मण्डी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गेहूं खरीद न करने का फैसला का फतेहाबाद के व्यापारियों ने विरोध किया है। व्यापार मंडल का कहना है कि अगर सरकारी खरीद एजेंसी डीएफएससी गेहूं खरीद के लिए आगे नहीं आती तो व्यापार मंडल भी गेहूं खरीद से हाथ पीछे खींच लेगा। व्यापार मंडल किसी भी एजेंसी को फतेहाबाद मण्डी में गेहूं खरीदने नहीं देगा। बता दें कि प्रदेश सरकार ने इस बारे फतेहाबाद अनाज मण्डी में गेहूं प्रोक्योरमेंट का जिम्मा हैफेड और हरियाणा वेयर हाऊस को सौंप रखा है। यानि कि फतेहाबाद की मण्डी में 4 में से 2 एजेंसियां ही गेहूं की सरकारी खरीद करेंगी। व्यापार मंडल का कहना है कि गेहूं के पीक सीजन में इतनी तेजी से गेहूं की आवक होती है कि अगर उसकी समय पर खरीद न की गई तो मण्डियों में जाम लग जाएगा और गेहूं का उठान भी असंभव होगा। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू की जा चुकी है लेकिन फतेहाबाद की मण्डियों में गेहूं की फसल 15 अप्रैल से पहले आने की संभावना नहीं है। मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव को लेकर फतेहाबाद की मण्डियों में गेहूं की फसल आने में अभी 5 से 10 दिन का समय ओर लग सकता है। सरकारी खरीद एजेंसियां गेहूं खरीद के लिए तैयारियों में जुटी है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की फसल बेचने के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। अगर कोई किसान पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवा पाता तो उसकी गेहूं की फसल को एमएसपी पर नहीं खरीदा जाएगा। दरअसल, अब तक भी 20 फीसदी किसानों ने पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं करवाया है।

### 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य



**जिले में अब तक 4 लाख 35,713 एकड़ भूमि का किसानों ने पंजीकरण करवाया**

*जिले में अब तक 4 लाख 35 हजार 713 एकड़ भूमि का 63971 किसानों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। इसमें गेहूं का रकबा 3 लाख 95 हजार 631 एकड़ है और पंजीकृत किसानों की संख्या 61286 है। इसी तरह सरसों का रकबा 32 हजार 595 एकड़ है और पंजीकृत किसानों की संख्या 10799 है। माना जा रहा है कि 20 फीसदी किसानों ने अभी तक पोर्टल पर पंजीकरण नहीं करवाया है। ऐसे में इन किसानों को गेहूं बेचने में काफी दिक्कत आएगी। 1 अप्रैल से मार्किट कमेटी ने फतेहाबाद की अनाज मण्डी में धान की आवक पर प्रतिबंध लगा दिया है। पहले धान के दामों में कमी के चलते किसानों ने धान अपने घरों में स्टॉक कर रखा था। अब दामों में बढ़ोतरी होने से किसान स्टॉक किए गए धान को मण्डियों में लाने लगे थे लेकिन अब इसे रोक दिया गया है।*

### डीएफएससी ने खरीद नहीं की तो मंडिया गेहूं से अट जाएंगी : भादू

फतेहाबाद की मण्डी में तेजी से गेहूं की आवक होती है। इन दिनों मौसम बदल रहा है। ऐसे में अभी कटाई भी शुरू नहीं हुई। बैसाखी पर कटाई शुरू होगी तो मण्डी में गेहूं की बम्पर आवक होगी। अभी तक सरकार ने एफसीआई व वेयर हाऊस को खरीद का जिम्मा दे रखा है। एफसीआई के पास गोदाम खाली नहीं है। ऐसे में डीएफएससी ने खरीद नहीं की तो मण्डियां उठान न होने की सूरत में गेहूं से अट जाएगी और जाम की स्थिति पैदा हो जाएगी। उन्होंने पिछले दिनों अधिकारियों से मिलकर डीएफएससी द्वारा खरीद की मांग की थी। अगर डीएफएससी खरीद एजेंसी ने फतेहाबाद मण्डी में गेहूं नहीं खरीदा तो व्यापार मंडल व आढ़ती मिलकर गेहूं की खरीद नहीं होने देंगे। न ही किसी एजेंसी को गेहूं खरीदने देंगे।

**जगदीश भादू, प्रधान अनाज मण्डी व्यापार मंडल**

### गेट पास कटवाना जरूरी

जिन किसानों का मेरी फसल-मेरी ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होगा, केवल वही किसान ही सरकार को अपनी फसल एमएसपी पर बेच पाएगा। किसान जब मण्डी में फसल लेकर आएगा तो सबसे पहले उसे मार्किट कमेटी से गेट पास कटवाना होगा। गेट पास दिखाकर ही आढ़ती सरकारी एजेंसी को उसकी फसल बेच पाएगा।

**यशपाल मेहता, सचिव मार्किट कमेटी**

### पुरानी पेंशन बहाल समिति ने रोडवेज कर्मियों से मांगा सहयोग

**सिरसा।** स्थानीय बस अड्डा परिसर में पुरानी पेंशन बहाली समिति के सदस्यों द्वारा एक बैठक का आयोजन रोडवेज कर्मचारियों के साथ किया गया। संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2004 और राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन खत्म कर एनपीएस लागू कर दी थी, इसमें कर्मचारियों के मूल वेतन का 10 प्रतिशत कटौती और 14 प्रतिशत सरकारी खजाने से निकाल कर शेयर बाजार में निवेश किया जाता है रिटायरमेंट पर कुल जमा राशि का 60 प्रतिशत एक मुश्त मिलता है, जबकि बाकी रकम से पेंशन बनती है, यह पेंशन इतनी कम होती है कि कर्मचारी अपने परिवार की जरूरत को पूरी नहीं कर सकता। पुरानी पेंशन योजना में अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता था। पुरानी पेंशन के लिए समिति 2018 से संघर्षरत है और इस आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कुछ दिन पूर्व यूनिफाइड पेंशन स्कीम का एक प्रस्ताव रखा था, जिसे 1 अप्रैल 2015 से लागू कर दिया गया है। इस योजना में कर्मचारियों को 25 साल की सेवा के बाद अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने का प्रावधान है, लेकिन रिटायरमेंट पर मिलने वाली 60 प्रतिशत एक मुश्त राशि नहीं दी जाएगी।

> ■ *पूर्व यूनिफाइड पेंशन स्कीम का एक प्रस्ताव रखा था, जिसे 1 अप्रैल 2015 से लागू कर दिया गया*

## कार्रवाई | गैर कानूनी धंधों में संलिप्त 35 लोग काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा गैरकानूनी धंधा करने वालों पर प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने के लिए जिला पुलिस की करीब 39 पुलिस टीमों ने सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर12 बजे तक ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाकर विभिन्न अपराधिक गतिविधियों तथा गैर कानूनी धंधों में संलिप्त 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला की सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 15 ग्राम हैरोइन के साथ काबू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों तथा खुर्दा संचालकों की धर पकड़ करते हुए उनके कब्जा से 57 बोतल अवैध शराब, 86 बोतल देशी शराब व 800 लीटर अवैध लाहन बरामद किया है।


ऑप्रेशन आक्रमण अभियान के तहत तलाशी लेती पुलिस टीम।

### संदिग्ध मार्गों पर की चेकिंग : एसपी

*पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला भर में चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की चैकिंग की गई, चैकिंग के दौरान 97 वाहनों चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस का प्रयास है, कि लोग भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज में बेहतर जीवन यापन कर पाएं, इसको लेकर सिरसा पुलिस हर समय जनता की सेवा, सुरक्षा तथा सहयोग को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।*

## इंडिया ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2025-26 के लिए हुए ट्रायल

**सिरसा।** इंडिया ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2025-26 हेतु हरियाणा ओपन सलेक्शन ट्रायल (लडक़े व लड़कियां) प्रक्रिया शनिवार को शाह सतनाम जी मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम सिरसा में शुरू हुई। ताइक्वांडो स्पोट्र्स वेलफेयर एसोएशिन सिरसा की ओर से आयोजित दो दिवसीय ट्रायल में किड्स, सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर तथा पैरा (क्योरुगी व पूमसे) कैटेगरी में खिलाडिय़ों ने अपने ट्रायल दिए। पहले दिन 18 जिलों से 300 खिलाडिय़ों ने विभिन्न आयु वर्ग में ट्रायल दिए। इनमें 180 पुरुष व 120 महिला खिलाड़ी शामिल रहे। पहले दिन हुए अंडर-41 किलोग्राम भार वर्ग में सिरसा का हर्षित प्रथम, पंचकुला का समर कक्कड़ द्वितीय व रोहतक का जतिन व पलवल मोहित संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। वहीं अंडर-45 किलोग्राम भार वर्ग में करनाल का सिद्धार्थ पहले, फरीदाबाद का दक्ष गुलिया दूसरे स्थान पर रहा। जबकि सिरसा का इश्मीत व लवदीप संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर रहे।

> *प्रदेशभर से 300 खिलाड़ियों ने लिया भाग*

## वर्षों से हॉकी खिलाड़ियों की स्टेडियम की मांग अब होने जा रही पूरी

# बैजलपुर को मिला 3डी ब्लू एस्ट्रोटर्फ इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम
## अंतरराष्ट्रीय मानकों पर किया गया तैयार, साढ़े 7 करोड़ हुए खर्च

### कुछ ही दिनों में खिलाड़ियों को सौगात मिल जाएगी

दलबीर सिंह ▶▶| भूना

गांव बैजलपुर में वर्षों से हॉकी खिलाडिय़ों की स्टेडियम की मांग अब पूरी होने जा रही है। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का 3डी ब्लू एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम तैयार हो चुका है। कुछ ही दिनों में खिलाडिय़ों को यह सौगात मिल जाएगी। स्टेडियम में दर्शकों के बैठने की क्षमता बढ़ाई गई है। ताकि भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मैच भी आयोजित किए जा सकें।

चार एकड़ में बने इस स्टेडियम पर करीब साढ़े सात करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। एस्ट्रोटर्फ बिछाने का काम पूरा हो चुका है। स्टेडियम भवन और बाउंड्री का निर्माण अंतिम चरण में है। यह स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों पर तैयार किया गया है। महिला और पुरुष खिलाडिय़ों के लिए अलग-अलग शौचालय, बाथरूम और ड्रेसिंग रूम बनाए गए हैं। स्टेडियम की चारों दिशाओं में लोहे की जाली और ग्रिल लगाई गई है। चार गेट बनाए गए हैं। इनमें एक मुख्य प्रवेश द्वार, एक इमरजेंसी गेट और दो गेट खिलाडिय़ों की सुविधा के लिए रखे गए हैं। मैदान पर पानी छिडक़ाव के लिए ऑटोमेटिक सिस्टम लगाया गया है।



भूना। बैजलपुर गांव के हॉकी खिलाड़ी व बैजलपुर गांव में साढ़े 7 करोड़ की लागत से निर्माणधीन अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम।

### बैजलपुर में हॉकी खेल का श्रेय पीटीआई सुनील के नाम

बैजलपुर में हॉकी खेल की नींव वर्ष 2001 में पीटीआई सुनील कुमार ने रखी थी। उन्होंने स्कूली बच्चों में हॉकी के प्रति उत्साह जगाया। इसके बाद गांव के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमके। कई को सरकारी नौकरियां भी मिलीं। मगर 2014 में सुविधाओं की कमी के कारण हॉकी खेल ठप हो गया। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय खिलाडिय़ों ने नर्सरी शुरू कर खेल को फिर से जीवित किया। बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ये खिलाड़ी हॉकी की पौध को कर रहे तैयार

गांव के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रण सिंह ओला, मोनिका, कर्मवीर सुंडा, कुलदीप सिंह, दयानंद, पवन ओला, मनीष बिश्नोई, विक्रम सिंह, सुनील ओला, भीम सिंह, मोहनलाल, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह,जसवीर सिंह जैसे खिलाड़ी अब नई पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं।

### ये खिलाड़ी पहुंचे इंडिया कैंप

बैजलपुर के 11 खिलाड़ी इस समय इंडिया कैंप में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इनमें लड़कियों में सुमिता नैन, रीना मावलिया, तमन्ना, सावी, ज्योति बिड़ासरा, हैप्पी, अलका, मोनिका, सोनू ओला शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पवन ओला रेलवे में बड़े पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

### इन्होंने नेशनल स्तर पर जीते गोल्ड

हॉकी में बैजलपुर के कई खिलाड़ी नेशनल गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। इनमें रण सिंह ओला, कर्मवीर सुंडा, सत्यवीर सिंह, अनिल ओला, मोहनलाल, विक्रम मावलिया, संदीप नैन, कविता नैन, सुमिता नैन, ज्योति, रजनी, शावी ओला, गीता जोगी, पूजा देवी, अल्का नैन शामिल हैं।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु 'हंसकर' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे 'असीगढ़' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।

जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ



संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।

हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए

> अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।

नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को



लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

कविता

इन्द्र सिंह लाम्बा



## जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी ।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी ।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरै दूर कर दी ब्याधा सारी ।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम ।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या ।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या ।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

रागनी

भूपसिंह भारती



## एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक — अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया

# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़




इतिहास

यशपाल गुलिया

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा




कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।



अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।

हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा






पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाड़ा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप



सिरसा। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते गौशाला प्रबंधक रमेश कुमार।

### गोशाला की आमसभा की बैठक, लिए अहम निर्णय

**सिरसा।** जिला के गांव माधोसिंघाना स्थित गौशाला में गौशाला समिति की रविवार को बैठक हुई जिसमें कमेटी के सभी सदस्यों ने गौशाला की समस्याओं और विकास के लिए चर्चा की। गौशाला कमेटी के संरक्षक सज्जन कुमार शर्मा ने कहा कि इस समय गौशाला में लगभग 1000 गौवंश व नंदी हैं जिनके लिए हरा चारा, पीने का पानी, खल-फीड, तूड़ी, शैड आदि का पर्याप्त प्रबंध किया गया है।

### श्रद्धालु का गिरा फोन 35 मिनट में ढूंढा

**फतेहाबाद।** टोहाना में शहर पुलिस ने एक व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल 35 मिनट में बरामद कर लिया गया। पंजाब से परिवार जींद जिले में धमतान साहिब गुरुद्वारे में माथा टेकने गए थे। वापस लौटते समय फतेहाबाद दवाई लेने रुक गए। इसी बीच उनका फोन कहीं पर गिर गया था। मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के संगरूर के रहने वाले जसविंदर सिंह अपने परिवार के साथ जींद में धमतान साहिब गुरुद्वारे में माथा टेकने गए थे।

### 16 किलो चूरापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गांव नाजियाखेड़ा से एक व्यक्ति के कब्जे से 16 किलो 450 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव नेजियाखेड़ा में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि गांव नेजियाखेड़ा में सहदेव पुत्र मान सिंह अपन घर पर चूरापोस्त बेचने का धंधा करता है।

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने निकाली शोभायात्रा

**हांसी।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल जिला हांसी की ओर से रविवार को रामनवमी के उपलक्ष में मुख्य बाजारों में शोभा यात्रा के निकाली गई शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मन्दिर, सिसाय पुल से शुरू होकर लाल सड़क, किला बाजार, चोपटा बाजार, बड़सी गेट, जींद चैक, सदर बाजार, प्रताप बाजार वापिस पंचमुखी हनुमान मन्दिर, हांसी में पहुंची। यात्रा का शुभारंभ महन्त सागर नाथ ने ध्वजा दिखाकर किया।

संघ ने सरकार से फरमान को वापस लेने की मांग की

# एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर सफाई कर्मियों की हाजिरी लगाने के आदेश का किया विरोध

- नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई फतेहाबाद की मीटिंग संघ के यूनियन कार्यालय मे इकाई प्रधान विजय ढाका की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। बैठक में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी आंदोलन को लेकर रूपरेखा बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान विजय ढाका, सचिव ओम प्रकाश लोट, कोषाध्यक्ष वीरू रत्ति ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पालिका रोल सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है जबकि महंगाई में लगातार वृद्धि हो रही है। नवंबर 2024 में प्रदेश स्तरीय वाल्मीकि जयंती समारोह में सीएम घोषणा की थी कि सफाई कर्मचारियों का वेतन 27 हजार रुपए किया जाएगा जो अभी तक लागू नहीं हुआ है। सरकार ने इससे विपरीत कार्य करते हुए एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लगाने के आदेश दे दिए जो कि हरियाणा के किसी अन्य सरकारी संस्था, बोर्ड या कार्पोरेशन में लागू नहीं है। यह नगरपालिका कर्मचारियों के साथ अन्याय है। सफाई कर्मचारी को इससे दिक्कत आ रही है, उनके पद ही बदले जा रहे हैं ताकि उनको पोर्टल पे हाजरी ना लगनी पड़े। उन्होंने कहा कि संघ ने निर्णायक आंदोलन करके फरवरी 2023 में सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का पत्र जारी करवाया था जिसे बीते 2 वर्ष से भी अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। नगर परिषद प्रशासन जो पत्र सफाई कर्मचारियों के हित के नहीं है, उन्हें तुरंत प्रभाव से लागू किया जा रहा है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि फतेहाबाद प्रशासन सफाई कर्मचारियों के प्रति अपनी क्या मंशा रखता है।कर्मचारी नेताओं ने कहा कि संघ बीते कई वर्षों से शहर की बढ़ती आबादी व क्षेत्रफल को देखते हुए नए पद सर्जित करवाने की मांग कर रहा है लेकिन नगर परिषद प्रशासन तो इन्हीं कर्मचारियों से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रात्रि सफाई जैसे बेगार करवा रहा है। संघ मांग करता है इस तरह के कार्यों के लिए अलग से कर्मचारी लगाए जाए व ठेके पर लगे कर्मियों को साप्ताहिक छुट्टी व समय पर वेतन दिया जाए।



फतेहाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



## बाबा सरसाईनाथ ट्रस्ट ने की स्टेशनरी वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट 2025-26 सत्र का प्रथम पुस्तक वितरण समारोह रविवार को श्री गौशाला के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें 100 विद्यार्थियों को पुस्तक व स्टेशनरी वितरित की गई। रामनवमी के शुभ अवसर पर सरसाईनाथ बुक बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि संजय गोयल थे। बुक बैंक बारे महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि इस बुक बैंक के माध्यम से अब तक 1200 विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक व 2000 से अधिक विद्यार्थियों को स्टेशनरी का वितरण किया जा चुका है। इसके साथ-साथ 200 विद्यार्थियों को चश्मे भी निःशुल्क प्रदान किए गए हैं। गुरदीप सिंह सैनी ने बताया कि बुक बैंक समय-समय पर करियर काउंसलिंग और निःशुल्क कोचिंग का भी प्रबंध करती है। अध्यापक अनिल सैनी ने मंच के माध्यम से समाज से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें बुक बैंक में देकर जरूरतमंद विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य में सहयोग करें। संजय गोयल, गुरदीप सैनी, राजेंद्र प्रसाद रातुसरिया, रिटायर्ड प्रिंसिपल सुभाष वर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

चौ. देवीलाल के उत्थान कार्यों को किया याद

## चौधरी देवीलाल ने सदैव किसान, कमेरे पीड़ितों की आवाज बनकर किया काम

जेजेपी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार को जननायक जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की ओर से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन द्वारा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। बरनाला रोड स्थित चौटाला हाउस के समक्ष चौधरी देवीलाल सामुदायिक पार्क में रविवार सुबह ही जेजेपी की जिला कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिलकर चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किय और उनकी हरियाणा और देश को मजबूत बनाने में दिए गए योगदान को याद किया। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. राधेश्याम शर्मा, अशोक वर्मा, हरि सिंह भारी व सुरेंद्र बेनीवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि चौधरी देवीलाल ने सदैव किसान, कमेरे, शोषितों, पीड़ितों की आवाज बनकर काम किया और समाज में उनकी स्थिति को सम्मानजनक बनाने में भरपूर योगदान दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में किए गए उनके कार्यों को लेकर ही उन्हें किसानों का मसीहा तक कहा जाता है। जेजेपी नेताओं ने कहा कि जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके मार्गदर्शन में चौधरी देवीलाल द्वारा दिखाए न्याय व संघर्ष के रास्ते पर चल रहा है। सभी ने इस अवसर पर चौधरी देवीलाल के नेक रास्ते व आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। वहीं चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर जिलाभर में भी अनेक सामाजिक कार्यक्रम हुए।



सिरसा। चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण जजपा कार्यकर्ता।

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

## इनेलो ने पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा के नेतृत्व में रविवार को इनेलो के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर रविवार को चौधरी देवीलाल टाउन पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने किशोरावस्था में ही देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए जेलें काटी। आगे चलकर उन्होंने मुजारों को उनकी मेहनत का फल दिलाने में जो संघर्ष किया, वह आज भी पूरे समाज में अपने आप में इतिहास है। चौधरी देवीलाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री और देश के उपप्रधानमंत्री के तौर पर किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं, बुजुर्गों सहित तमाम वर्गों के सम्मान के लिए जिन योजनाओं को अमलीजामा पहनाया, उससे उनका सामाजिक जीवन स्तर सुधरा। उन्होंने कहा कि इनेलो संगठन की नींव भी चौधरी देवीलाल ने रखी जो आज भी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने के लिए संघर्षरत है।



सिरसा। चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इनेलो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति का आरोप

## नकली बीज व दवाइयों के कानून में छोटे डीलरों को खत्म करना चाहती है सरकार

**फतेहाबाद।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने सरकार पर नकली बीज व दवाईयां बनाने वाली कम्पनियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने कहा कि जो कंपनी नकली बीज व दवाईयां बनाती है, सरकार उनके खिलाफ कानून का सख्ती से पालन करवाएं क्योंकि उन्हीं कंपनियों का बीज व दवाईयां डीलर व दुकानदार आगे बेचते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को लूटने वाली असली जड़ को खत्म करने की बजाय इन छोटे दुकानदार, डीलरों को खत्म करने पर तुली हुई है। इससे बड़ी कंपनियों की मनमानी बढ़ेगी व किसान को बड़ा नुकसान होगा। किसान नेता ने कहा कि सरकार को जल्दी से जल्दी डीलर संगठन के साथ बात करके इसका समाधान तुरंत निकालना चाहिए। नए बीज हरियाणा संशोधन 2025 लागू होने से छोटे दुकानदार बीज बेचना बंद कर देंगे, इससे किसानों को समय पर बीज नहीं मिलेगा।

## चौ. देवीलाल के दिखाए पथ पर चलने का संकल्प ले समाजः डॉ. सूरजभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को जेसीडी विद्यापीठ में प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पण, पौधारोपण, हवन यज्ञ और रक्तदान शिविर जैसे पुण्य कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व महानिदेशक डॉ. सूरजभान कंबोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि अध्यक्षता जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. डॉ. जयप्रकाश ने की। आरंभ में जेसीडी विद्यापीठ के सेंट्रल पार्क में जननायक चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने आहुतियां दीं। इस दौरान विद्यापीठ के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भक्ति भजनों और शब्दों के माध्यम से जननायक को श्रद्धांजलि अर्पित की।



चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि रक्तदान करते युवा।

प्रबंधन ने प्रसन्नता की जाहिर

## सौरभ, नवी का हुआ सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उड़ीसा में होने वाली सब जूनियर नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी सौरभ तथा नौवीं कक्षा के विद्यार्थी नवी सिंह के चयन पर भरोखां स्कूल के प्रबंधन ने प्रसन्नता जाहिर की है। स्कूल प्राचार्य वेद रोज व शहीद उधम सिंह अकादमी भरोखां कोच ब्लॉक समिति मेंबर हरीश भट्टी के अथक प्रयासों से इन विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिला और राष्ट्रीय स्तर पर इनको खेलने का मौका मिला है। स्कूल के शारीरिक शिक्षा डॉ. देव कंबोज, डॉ. ज्योति प्रीत ने बताया कि इन बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए दिन रात मेहनत की जिसका परिणाम यह है कि आज भरोखां स्कूल खेलों में अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने बताया कि सौरभ और नवी को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अवल दर्जा प्राप्त है।

किसान विकास सदन खोलने के नाम पर 20,000 ठगे

## फर्जी एमडी बनकर धोखाधड़ी करने वाल आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डिंग थाना पुलिस ने गांव मोचीवाला में किसान विकास सदन खोलने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। डिंग थाना प्रभारी भीम सिंह ने बताया कि बीती 3 अप्रैल 25 को मोचीवाली निवासी रवि कुमार पुत्र दयाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मोचीवाला में जाखड़ बीज भंडार के नाम से शॉप है। करीब 4 महीने पहले उसके पास बाइक सवार एक युवक आया और खुद को हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में एमडी के पद पर नियुक्त होने की बात कह कर हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी का कार्ड दिखाया और कहने लगा कि हम गांव-गांव में जाकर किसान विकास सदन खोल रहे हैं, यदि आपको भी खुलवाना है तो 20 हजार रुपए लगेंगे। उन्होंने बताया कि बीज भंडार मालिक बाद में पूछताछ की तो उसे अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर डिंग थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान डिंग थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए विजय कुमार पुत्र सतपाल निवासी गांव अभोली को गिरफ्तार कर लिया।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

कार्यक्रर्ताओं ने पद के साथ न्याय करने का किया निवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के एफ ब्लॉक स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने की। एडवोकेट यतिंद्र सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी का सदस्य होना सबसे बड़े गौरव की बात है। पार्टी अपने सिद्धांत राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और खुद अंतिम के साथ चल रही है। हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसने अपने मेनिफेस्टो के अधिकतर कार्य अपने देश को प्राथमिकता देते हुए रखे थे। जिलाध्यक्ष रहते हुए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देने का प्रयास रहेगा और सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि आप अपने पद पर रहते हुए अपने पद के साथ न्याय करने का प्रयास करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वे संगठन व कार्यकर्ताओं के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे। सुरेंद्र आर्य ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को 46वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लगातार 3 बार केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाना आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वो दिन भी देखा है, जब गिने चुने विधायक और सांसद हुआ करते थे। आज देश में सबसे ज्यादा सांसद विधायक और जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं। इस मौके पर शीशपाल कंबोज, सिरसा नगरपरिषद चेयरमैन शांति स्वरूप, श्याम बजाज, अमन चोपड़ा, गुरदेव सिंह राही, प्रदीप रातुसरिया, रोहताश जांगड़ा, डॉ. गंगा सागर, कपिल एडवोकेट, जसविंद्र कौर, सिरसा नगराध्यक्ष सुमन शर्मा, अजय शेरपुरा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सिरसा। पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

## लाखों युवा सीईटी परीक्षा के इंतजार मेंः कुमारी सैलजा

सिरसा। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में लाखों युवा सीईटी परीक्षा के आयोजन का इंतजार कर रहे हैं, पर सरकार अब तक न तो एजेंसी तय कर पाई और न परीक्षा की तारीख घोषित हुई। दूसरी तरफ, जो युवा पहले ही सीईटी पास कर चुके हैं, उन्हें 9000 मासिक मानदेय देने की घोषणा तो की गई, लेकिन बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं रखा गया। न नई भर्ती प्रक्रिया शुरू हो रही है, न पहले से योग्य युवाओं को कोई लाभ मिल रहा है। सरकार युवाओं के साथ दोहरा अन्याय है। सांसद ने कहा कि कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में 2021 में कॉमन इलीजिबिटी टेस्ट का शुभारंभ किया था। यह राज्य सरकार की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा है, जो विभिन्न विभागों सरकारी नौकरी के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन करने के लिए होती है। इस परीक्षा का आयोजन एक बार ही हुआ है और अभी तक युवाओं को इस परीक्षा का इंतजार है। इसके बाद सरकार की ओर से कहा गया कि इस परीक्षा के लिए हर साल रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं होगी अब इसके लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल शुरू किया जाएगा पर सरकार की घोषणा के बाद आज तक इस दिशा में कुछ नहीं हुआ।

## विधायक अर्जुन चौटाला ने रखीं वाटर वर्क्स की नींव



**सिरसा।** रानियां विधायक अर्जुन चौटाला ने गांव भंभूर में 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वाटरवर्क्स की नींव रखी। इस परियोजना से झोरडनाली, नटार और मंगाला गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस वाटर वर्क्स में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा, जो शुद्ध पेयजल की गारंटी देगा। विधायक अर्जुन चौटाला ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से शुद्ध पानी की समस्या बनी हुई थी, लेकिन इस परियोजना के पूरा होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर तरुण गर्ग, धीरज गोदारा, लोकेश कुमार, रिंकू, राकेश सरपंच, प्रगट सिंह सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने मैच का किया शुभारंभ

## हेल्थ प्रीमियर लीग शुरू, पहले मैच में फतेहाबाद ने भूना सीएचसी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य कर्मचारियों को फिट रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए शुरू की गई जिला स्तरीय हेल्थ प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया गया। लीग में पहला मैच फतेहाबाद सिविल टाइगर और सीएचसी भूना के मध्य खेला गया। पहले मैच का शुभारंभ फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने किया, वहीं मैच में फतेहाबाद सिविल हस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. जयप्रकाश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि शिरकत की। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि खेलों में भाग लेने से स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक शारीरिक व बौद्धिक विकास मजबूती मिलती है। तनाव मुक्त रहने से शरीर के फिट रहने से कार्य में ओर अधिक मन लगता है यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते प्रचलन में शारीरिक खेलो के प्रति रुझान न होने से बीमारियां बढ़ रही है। इसे में प्रत्येक व्यक्ति, कर्मी को समय निकलकर अपने शरीर के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए। जिसके लिए खेल भी एक अच्छा विकल्प है।



फतेहाबाद। हेल्थ प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते विधायक बलवान सिंह।

### मैच का परिणाम

पहले मैच में फतेहाबाद ने पहले बैटिंग करते हुए डॉ. राकेश कसवां ने 42, सुशील बिश्नोई ने 54, प्रमोद शर्मा ने 11, रमेश ढाका ने 25, डॉ. प्रदीप ने 9 और दुर्योधन ने 13 रन बनाए। इसके चलते फतेहबाद की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 176 रनों का विशालकाय स्कोर बनाया। इसके जवाब में उतरी भूना सीएचसी की टीम में डॉ. मंदीप 12, अजय बिश्नोई 5, कुलदीप बिसला 30, प्रदीप सिंह 8, प्रदीप कुमार 40, संदीप चायल की सहायता से 12.3 ओवरों में 127 रन पर आल आउट हो गई। फतेहबाद की ओर से डा. राकेश कसवां ने 5, दुर्योधन ने 3 व सत्यप्रकाश ने 2 विकेट लिए। फतेहाबाद की ओर से गेंदबाज दुर्योधन ने

## खबर संक्षेप

### जाखल मंडी से बाइक चुराई, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जाखल मण्डी से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। जाखल मण्डी निवासी तरसेम चंद ने कहा है कि गत दिवस उसने बाइक को घर के बाहर खड़ा किया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब बाइक के बारे कुछ पता नहीं चला।

### नकली बीज व दवाइयों के कानून का विरोध

**फतेहाबाद।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने सरकार पर नकली बीज व दवाईयां बनाने वाली कम्पनियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। किसान संघर्ष समिति के जिला प्रधान ओमप्रकाश हसंगा ने कहा कि जो कंपनी नकली बीज व दवाईयां बनाती है, सरकार उनके खिलाफ कानून का सख्ती से पालन करवाएं क्योंकि उन्हीं कंपनियों का बीज व दवाईयां डीलर व दुकानदार आगे बेचते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को लूटने वाली असली जड़ को खत्म करने की बजाय इन छोटे दुकानदार, डीलरों को खत्म करने पर तुली हुई है। इससे बड़ी कंपनियों की मनमानी बढ़ेगी व किसान को बड़ा नुकसान होगा।

### एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की पलक प्रथम

**फतेहाबाद।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित बीएबीएड पांचवें समैस्टर के परिणाम में फतेहाबाद के एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। सीडीएलयू द्वारा घोषित परिणाम में 79.09 प्रतिशत अंक लेकर पलक रानी ने जहां प्रथम स्थान हासिल किया वहीं 78.73 अंकों के साथ सिमरन वर्मा द्वितीय तथा 78.18 अंकों के साथ नैन्सी शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इस शानदार परिणाम पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी व कॉलेज प्रबंधक कमेटी ने अव्वल रहे विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इन विद्यार्थियों ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय कॉलेज स्टाफ द्वारा करवाई गई मेहनत को दिया।

### अरोडवंश महासभा का चुनाव 21 मई को

**फतेहाबाद।** अरोडवंश महासभा फतेहाबाद के त्रिवार्षिक चुनाव 21 मई बुधवार को होंगे। प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव व कोषाध्यक्ष के पदों को लेकर चुनाव होगा। इसको लेकर महासभा द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी विकास बंसल ने बताया कि चुनावों को लेकर नामांकन की प्रक्रिया 8 मई वीरवार से शुरू होगी। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन भरे जा सकेंगे। 9 मई को नामांकन पत्रों की जांच व छंटनी की जाएगी वहीं 13 मई को सांय 7 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद 21 मई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे वहीं मतदान की समाप्ति के बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वोटर सदस्यों की ड्राफ्ट सूची जारी कर दी गई है। लिस्ट पर 15 अप्रैल तक ऐतराज दर्ज करवाएं।

## गांव ठुईयां में वारदात, गोली मारकर की थी युवक की हत्या

# सीएससी संचालक मर्डर केस पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया, सात गिरफ्तार

**गांव किठाना, माजरा खेडी शेरखां, बासडा, पीलीमंदोरी और भट्टूकलां के हैं आरोपी एक नाबालिग भी शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भट्टू क्षेत्र के गांव ठुईयां में एक सीएससी संचालक की गोली मारकर हत्या करने के मामले का फतेहाबाद पुलिस ने 24 घंटे में ही पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने 7 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 4 युवकों ने जहां सीएससी सैंटर पर डकैती की कोशिश की थी वहीं 3 युवकों ने रैकी कर इस सॉफ्ट टारगेट को चुना था। पकड़े गए युवकों की पहचान शक्ति पुत्र जोगेन्द्र निवासी किठाना जिला कैथल, अभिषेक उर्फ अभी पुत्र कुलदीप निवासी माजरा रोहेडा जिला कैथल, अंकित पुत्र रघुबीर सिंह निवासी खेडी शेरखां जिला कैथल, सुशील पुत्र सुभाष बुडानिया निवासी भट्टूकलां, बिक्रम पुत्र सूरजभान निवासी बासडा जिला हिसार व रोहताश उर्फ ताशी निवासी पीलीमंदोरी तथा सातवां आरोपी जुनाईल के रुप में हुई है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी आस्था मोदी ने बताया कि मृतक प्रदीप कुमार पुत्र मान सिंह निवासी ठुईया 2 साल से गांव ठुईयां में धर्मबीर के मकान में ग्राहक सेवा केन्द्र के नाम से दुकान चलाता था। इसमें प्रतिदिन करीब 4-5 लाख रूपये का लेन-देन होता है। वारदात की शाम को प्रदीप अपनी दुकान पर था तथा उसके साथ दुकान में काम करने वाली लडक़ी भी वहां मौजूद थी। शाम करीब सवा 7 बजे 4 युवक लडक़े आये, जिनमें से 3 युवक दुकान के अन्दर गये तथा प्रदीप पर हथियार से फायर कर वहां से लैपटाप लेकर फरार हो गए। गोली लगने से सीएससी संचालक प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए मृतक के चाचा राम सिंह के ब्यान पर केस दर्ज किया और आरोपियों को गिरफतार कर लिया।



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करतीं एसपी आस्था मोदी व पीछे खड़े आरोपी।

### भादरा जेल में हुई थी आरोपियों की मुलाकात

एसपी ने बताया कि जांच के दौरान गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज और अपराध शाखा फतेहाबाद द्वारा खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश के दौरान संदिग्ध सुशील, रोहताश उर्फ ताशी व विक्रम को काबू करके पूछताछ की गई और सारे मामले का पटाक्षेप हो गया। एसपी ने बताया सुशील रोहताश उर्फ ताशी व विक्रम की शक्ति के साथ 2024 में भादरा जेल में मुलाकात हुई थी। सुशील, ताशी व विक्रम ने प्रदीप को साफ्ट टारगेट चुना और यहां डकैती की योजना बनाई। इन तीनों ने पहले मार्च में इस दुकान की रैली की और वारदात के दिन भी इन्होंने रैकी की थी। इसके बाद शक्ति, अभिषेक, अंकित व अंकुश डकैती के लिए दुकान पर गए और प्रदीप की गोली मारकर हत्या कर दी। वहां मौजूद लडक़ी ने गल्ले की चाबी खिडकी से बाहर फैंक दी जिस कारण यह लोग वहां से नकदी नहीं लूट पाए और लैपटाप लेकर फरार हो गए। पूछताछ में इन युवकों ने वारदात में दो हथियारों के इस्तेमाल की बात कही जिनमें एक 315 बोर व एक 32 बोर की पिस्तौल थी, जिसे बरामद किया जाना है। पूछताछ के दौरान आरोपी रोहताश तासी, सुशील बुडानिया, विक्रम, शक्ति के विरुद्ध पहले से ही चोरी, शस्त्र अधिनियम, नशीला पदार्थ अधिनियम, झगडा, हत्या का प्रयास के मामले दर्ज है।

### आरोपी रोहताश उर्फ ताशी के खिलाफ दर्ज मामले

| थाना | दिनांक | धारा |
|---|---|---|
| भट्टूकलां | 11 नवम्बर 2020 | 457/380 |
| भट्टूकलां | 28 दिसंबर 2021 | 174ए |
| भट्टूकलां | 31 मई 2019 | 379 |
| भट्टूकलां | 8 नवंबर 2020 | आम्र्ज एक्ट |
| नोहर (राज.) | 20 सितम्बर 2020 | आम्र्ज एक्ट |
| नाथूसरी चौपटा | 1 अगस्त 2021 | आबकारी अधिनियम |
| नाथूसरी चौपटा | 8 अक्तूबर 2022 | एनडीपीएस एक्ट |
| नाथूसरी चौपटा | 18 फरवरी 2023 | 457/380 |
| नाथूसरी चौपटा | 17 जुलाई 2023 | 454/380 |
| भट्टूकलां | 14 नवंबर 2024 | एनडीपीएस एक्ट |
| भट्टूकलां | 5 सितम्बर 2021 | 379 |
| नाथूसरी चौपटा | 15 जुलाई 2023 | 457/380 |
| नाथूसरी चौपटा | 16 सितम्बर 2023 | 457/380 |
| नाथूसरी चौपटा | 24 अगस्त 2023 | 457/380 |
| नाथूसरी चौपटा | 18 जून 2024 | एनडीपीएस एक्ट |

### आरोपी सुशील के खिलाफ दर्ज मामले

| थाना | दिनांक | धारा |
|---|---|---|
| नाथूसरी चौपटा | 16 सितम्बर 2023 | 457/380 |
| नाथूसरी चौपटा | 18 जून 2024 | आम्र्ज एक्ट |
| नाथूसरी चौपटा | 1 अगस्त 2021 | आबकारी अधिनियम |
| भट्टूकलां | 28 अगस्त 2020 | 323, 452, 506, 34 |
| भट्टूकलां | 28 जून 2019 | 148, 149, 447, 435, 506 |
| भट्टूकलां | 2 फरवरी 2022 | 454/380 |
| भट्टूकलां | 13 जनवरी 2019 | 323, 34, 506 |

### आरोपी विक्रम उर्फ झाबर के खिलाफ दर्ज मामले

| थाना | दिनांक | धारा |
|---|---|---|
| भिरानी, हनुमानगढ़ | 11 जून 2017 | 307, 458, 342, 323 |



**फतेहाबाद।** चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली देते इनेलो नेता व कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

## जननायक चौ. देवीलाल को नमन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि के अवसर पर इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा फतेहाबाद में जाट धर्मशाला के सामने स्थित ताऊ देवीलाल स्मारक पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा एवं श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे इनेलो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चौ. देवीलाल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजली दी और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली द्वारा की गई। जननायक चौ. देवीलाल को याद करते हुए जिलाध्यक्ष बीकर सिंह हड़ौली ने कहा कि हरियाणा के निर्माण में चौ. देवीलाल जी की अहम भूमिका रही थी। किसानों को उनकी फसलों का उचित देने की बात हो या और बुजुर्गों को मान-सम्मान देते हुए उनकी पेंशन शुरू करने का मामला हो, चौ. देवीलाल ने सबसे पहले इसे हरियाणा में लागू कर हर वर्ग को सभी मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया। चौ. देवीलाल जनता से जुड़े नेता और वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते और मौके पर ही उनका समाधान करवाते थे, जिस कारण लोग उन्हें जननायक कहकर पुकारते थे।

### आज हर वर्ग परेशान : कैरों

प्रदेश सचिव बलविन्द्र कैरों ने कहा कि मौजूदा सरकार से आज प्रदेश का हर वर्ग दुःखी है। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारी जिला प्रधान हरी सिंह डांगरा, वरिष्ठ नेता हरबंस खन्ना, फतेहाबाद हल्का प्रधान जगदीश जेलदार, टोहाना हलका प्रधान प्रेम सिंह कन्हड़ी, उमेद सिंह नंबरदार, जाट धर्मशाला प्रधान जगदीश झाझड़ा, वरिष्ठ नेता बलदेव दरियापुर, मोहन लाल जुनेजा, राजेश शर्मा एडवोकेट, गुरचरण अमानी, सुमनलता सिवाच एडवोकेट, सुशीला पिलानियां, भागी राम सोनी, राधू राम अयाल्की, प्रदेश प्रवक्ता विकास मैहता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुभाष बराला ने फहराया पार्टी ध्वज

- सरपंचों और सरपंच प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को अपने निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज फहराया। सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पार्टी के गौरवशाली इतिहास को याद किया। इसके अलावा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को अपने निवास स्थान पर विभिन्न गांवों के सरपंचों और सरपंच प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने गांवों में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिसार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का अनुरोध किया। सांसद बराला ने 20 अप्रैल को गांव पालवां, उचाना में सर्वजातीय दहाड़न खाप के चबूतरे पर शिरोमणी धन्ना भगत की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बराला ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं का लाभ उठाएं।



**फतेहाबाद।** कार्यकर्ताओं संग ध्वज फहराते सांसद सुभाष बराला। *फोटो : हरिभूमि*

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने जताई नाराजगी

- 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्ज के लाभ सुनिश्चित करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लाक फतेहाबाद की महत्वपूर्ण बैठक आज ब्लाक प्रधान मा. रामदास की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन ब्लाक सचिव हरकिशन लाल कम्बोज ने किया वहीं राज्य कार्यकारिणी सदस्य जोगेन्द्र सिंह भ्याना, जिला वित्त सचिव रघुनाथ मेहता व बेगराज मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में दिवंगत सेवानिवृत उपमंडल अधिकारी सिंचाई विभाग बारूराम, नगरपालिका कर्मचारी राधेश्याम रत्ति के अलावा फिल्म अभिनेता मनोज कुमार व परिवहन विभाग से चंचल बिश्नोई की माता जी व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में मारे ज्ञात-अज्ञात व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की गई। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर पेंशनर्ज की मांगों को लेकर राज्य स्तरीय आंदोलन पर समीक्षा की गई वहीं पेंशनर्ज की मांगों के प्रति केन्द्र व सरकार द्वारा अपनाए जा रहे रवैये पर नाराजगी प्रकट की गई।




**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### भ्रम की स्थिति बनी

वक्ताओं ने कहा कि केन्द्रीय वित्तमंत्री द्वारा वित्त विधेयक 2025 भाग 4 और खंड 147-150 पर जारी पेंशन नियमों व निर्देशों से सम्बंधित सत्यापन खंडों पर सेवानिवृत कर्मचारियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसमें बताया गया है कि 2026 से पहले और 2026 के बाद के सेवानिवृत कर्मचारियों में अंतर दर्शाने का कार्य किया जा रहा है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांग करता है कि 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्ज के लाभ सुनिश्चित किए जाएं। सरकार से मांग की गई पेंशनर्ज की लंबित मांगों में 65, 70, 75 व 80 वर्ष की उम्र में 5, 10, 15 व 20 प्रतिशत पेंशन की बढ़ोतरी की जाए। घटती ब्याज दरों को मध्यनजर रखते हुए कम्यूट पेंशन की कटौती 10 वर्ष 8 महीने की जाए। मेडिकल भत्ता 3 हजार रुपये मासिक दिया जाए।

## दुर्गा नवमी पर कंजकों की पूजा कर पुण्य कमाया

- इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 108 कंजकों को करवाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिलाभर में नवरात्र पर्व की दुर्गा नवमी पर रविवार को व्रतधारियों ने नवरात्रा के समापन पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर विदा किया। इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 58वं नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन किया गया व 108 कन्याओं की पूजा अर्चना के बाद भोजन करवाया गया।

वहीं श्री श्याम बगीची धाम में नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया व कंजकों को भोजन करवाया गया। नोहरिया बाजार गली गोलछांवाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 58वें नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा व जगदीश दायमा ने विधि विधान से हवन यज्ञ संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने मंदिर में मां भगवती की आरती की। उसके बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 21 अखंड ज्योत स्थापित की गई थी।



**सिरसा।** मंदिर में कंजकों को भोजन करवाते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### हवन किया

वहीं श्री श्याम बगीची धाम में नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा ने पूरे विधि विधान से यज्ञ संपन्न करवाया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के आरंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 11 अखंड ज्योत स्थापित की गई थी। आरती के बाद कंजकों को श्रद्धालुओं द्वारा भोजन करवाया गया और उन्हें दान दक्षिणा देकर उन्हें विदा किया गया। वहीं सालासर धाम मंदिर में भी नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया।

## 120 बूथों पर फहराया भाजपा का झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस रविवार को सनियाना मंडल के 59 व भूना मंडल के 61बूथों पर मनाया गया। ढाणी डूल्ट, रहनखेड़ी, टिब्बी और लहरियां में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पार्टी का ध्वज फहराया और मिठाई बांटी। सनियाना मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार खिचड़ और भूना मंडल अध्यक्ष डॉ. मनदीप योगी ने बूथ स्तर पर हुए सम्मेलनों में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अनुच्छेद 370, नागरिकता संशोधन कानून, ट्रिपल तलाक, पार्टी की चुनावी सफलताएं, संगठन विस्तार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा जैसे विषयों पर बात की। विनोद खिचड़ ने रविवार को मीडिया से कहा कि 1980 में पार्टी की स्थापना के समय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, 'सूरज निकलेगा, अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा।' आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। इस मौके पर डॉ. मदनलाल, अरुण सेठी, बलजीत सोनी, मुकेश सिंगला, विक्रम शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुभाष सिवाच और अवतार सिंह तलवाड़ा मौजूद रहे।



**भूना।** भाजपा की स्थापना दिवस पर ढाणी डूल्ट के बूथ पर ध्वजारोहण करते हुए मंडल अध्यक्ष। *फोटो : हरिभूमि*

## माता के भजनों पर झूमे भक्तजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गुरुकृपा मंडल द्वारा नवरात्रि उत्सव को लेकर आयोजित किए जा रहे सत्संग की कड़ी में रविवार का सत्संग योग नगर फतेहाबाद में सोनिया के निवास में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद ममता तनेजा ने सवारियां ले चल परली पार, राधे राधे बोल रे मनवा के साथ श्याम नाम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद श्याम प्रेमी सुनील मदान ने श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और रसमयी माहौल बना दिया। इस मौके पर ज्योति जुनेजा, ममता तनेजा, रजत मेहता, खुशी सचदेवा, वीना गिलहोत्रा, करण, कविता, ममता मेहता, चारू, मीनू भूटानी, रजनी, राखी, नीरू, पूनम, रमेश मेहता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'मेरी झोली छोटी पड़ गई रे, तूने इतना दिया मेरी माता, जय मां जय मां, करूं तुमसे में मीठी-मीठी बात, बिन पिये नशा हो जाता है, आशा रख पगली वो आएंगे जैसे भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।



**फतेहाबाद।** नवरात्रे उत्सव में कलाकार को सम्मानित करते श्रद्धालु।

## जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने किए प्रवचन

# धर्म हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है

- एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद में हुआ कार्यक्रम अध्यात्म के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने धर्म और अध्यात्म का महत्व बताते हुए कहा कि धर्म हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है, जबकि अध्यात्म हमें आत्म-ज्ञान और आत्म-शांति की ओर ले जाता है। जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज रविवार को एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद में प्रातः सवा 8 बजे से सवा 9 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रही थी। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और जैन साध्वी से आशीर्वाद लिया।



**फतेहाबाद।** एसएस जैन सभा श्याम नगर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

### द्वेष हमें नीचे गिराते हैं : डॉ. शिव प्रज्ञा

जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने कहा कि राग और द्वेष हमें नीचे गिराते हैं और हमें अपने लक्ष्य से भटका देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें राग और द्वेष से ऊपर उठना चाहिए और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाना चाहिए। प्रवचन में उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज के शब्दों ने उन्हें प्रेरित किया और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉ. शिव प्रज्ञा जी महाराज के प्रवचन ने लोगों को प्रेरित किया और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रवचन के दौरान शहर एक धर्म नगरी बन गया, जहां लोगों ने अपने मतभेदों को भूलकर एक साथ आकर डॉ. शिव प्रज्ञा जी महाराज के प्रवचन को सुना। प्रवचन के आयोजन ने शहर के लोगों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर टेकचंद मिढ़ा, अजीत सिंह, प्रेम मित्तल, जुगल किशोर गोयल, सीताराम बिश्नोई, सुखदेव कालापीला, सुरेंद्र मित्तल प्रधान एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद, मुकेश प्रजापति श्याम नगर उप प्रधान, विनोद मित्तल वरिष्ठ उप प्रधान, प्रवीण बुढलाडिया, नवल किशोर अशोक मित्तल, आत्माराम किलोत्र, रवि जैन, धर्मवीर सहित काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।